हरियाणा में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

19 जुलाई, 2022 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ गुरुग्राम से प्रदेश में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- नितिन गडकरी ने 3450 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई 3 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिनमें गुरुग्राम से सोहना तक ऐलिविटेड हाईवे, एनएच-11 पर रेवाड़ी से अटेली मंडी चारमार्गीय सड़क तथा खेरड़ी मोड़ से भिवानी बाईपास होते हुए हालुवास गाँव तक चार लेन परियोजना शामिल हैं।
- इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि हरियाणा में लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा है। 1015 किमी. ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे तथा ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है।
- उन्होंने कहा कि लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की लागत से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण चल रहा है। यह एक्सप्रेस वे गुरुग्राम ज़िला में सोहना से शुरू होता है।
- गडकरी ने कहा कि अगले 5 साल में पेट्रोल के प्रयोग को वाहनों में समाप्त करने के लिये ई-वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्र सरकार 50 हज़ार ई-बस देने की योजना भी बना रही है। हरियाणा भी इसी तर्ज पर ई-बस शुरू करे। ई-बस का 41 रुपए 25 पैसे प्रति किमी. का खर्च आता है। इससे पेट्रोल व डीज़ल से होने वाला प्रदूषण कम होगा।
- नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से कहा कि किसानों को पराली जलाने से रोकें, क्योंकि पराली से ईंधन बनता है। पराली की 2 हज़ार रुपए प्रति टन की कीमत मिलेगी और उससे बिटूमिन बनेगा, जिसे खरीदने के लिये एनएचएआई तैयार है।
- उन्होंने इथेनॉल के प्रयोग पर भी बल दिया और कहा कि हरियाणा में डीज़ल व पेट्रोल के पंप के स्थान पर इथेनॉल के पंप लगवाएँ और सभी इथेनॉल से गाड़ियाँ चलाएँ। इससे वाहन चालकों का आधा पैसा बचेगा और प्रदूषण से भी राहत मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-three-national-highway-projects-in-haryana